राजस्थान सरकार
ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग
सामाजिक लेखा परीक्षा, जवाबदेही एवं पारदर्शिता सोसाइटी(SSAAT)
कमरा नं. 8320, एस.एस.ओ. बिल्डिंग, शासन सचिवालय, जयपुर
email Id: dir.socialaudit@rajasthan.gov.in & Phone No. 0141.2227033

Azadi Ka Amrit Mahotsav

61(350)SSAAT /लोकपाल चयन/2024–25/ 14329190 जयपुर, दिनांक 23/03/2025

आयुक्त
सूचना एवं जनसम्पर्क निदेशालय,
राजस्थान सरकार, जयपुर।

विषयः– महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत लोकपाल पद हेतु आवेदन पत्र की अंतिम तिथि में संशोधन को प्रकाशित करवाने के संबंध में।

महोदय,

ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी दिशा–निर्देश दिनांक 20.03.2023 के अंतर्गत महात्मा गांधी नरेगा योजना के क्रियान्वयन के संबंध में प्राप्त होने वाली विभिन्न शिकायतों एवं अभाव अभियोग के निराकरण आदि की प्रभावी प्रणाली विकसित करने हेतु 19 जिलो (अजमेर, बूंदी, चित्तोडगढ, चूरु, दौसा, धोलपुर, जालौर, बांरा, झालावाड, जोधपुर, करौली, कोटा, नागौर, पाली, प्रतापगढ, सवाई माधोपुर, सिरोही, टोंक एवं उदयपुर) में जिला स्तर पर लोकपाल नियुक्त किये जाने हेतु पात्र एवं योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र दिनांक 24.03.2025 तक प्राप्त करने के लिए इस कार्यालय के पत्र कमांक एफ 61(350)SSAAT/लोकपाल चयन/2022–23/15525 जयपुर दिनांक 20.02.2025 विज्ञप्ति का प्रकाशन दिनांक 22.02.2025 को किया गया।

उक्त निर्धारित आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 24.03.2025 से बढ़ाकर 01.04.2025 किये जाने हेतु अंतिम तिथि में संशोधन का प्रकाशन दो समाचार पत्रों, राजस्थान पत्रिका एवं दैनिक भास्कर, में हिन्दी में उनके समस्त राजस्थान संस्करण सहित दिनांक 24.03.2025 को न्यूनतम साईज में प्रकाशित करने हेतु संलग्न कर भिजवायी जा रही है।

अतः कृपया प्रकाशित करवाकर बिल मय प्रकाशित अखबार के साथ डीपीआर की निर्धारित दरों के अनुसार भुगतान हेतु इस कार्यालय को भिजवाने का श्रम करावें।

भवदीय,

संलग्नः– उपरोक्तानुसार।

Signature valid
(मोहम्मद मोहसिन खान)
निदेशक
सामाजिक लेखा परीक्षा, जवाबदेही एवं
Digitally signed by Mohammad Mohsin Khan
Designation: Director
Date: 2025.03.23 12:10:11 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 14329190

Scanned with CamScanner

राजस्थान–सरकार

सामाजिक लेखा परीक्षा जवाबदेही एवं पारदर्शिता सोसायटी (SSAAT)

(E mail :DIR.SOCIALAUDIT@RAJASTHAN.GOV.IN, Tel. 2227033)

क्रमांकः एफ 61(350)SSAAT / लोकपाल चयन / 2024–25 / 14329190 जयपुर, दिनांकः 23/03/2025

<u>विज्ञप्ति</u>

<u>लोकपाल पद हेतु आवेदन पत्रो की अंतिम तिथि में संशोधन</u>

ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी दिशा–निर्देश दिनांक 20.03.2023 के अंतर्गत महात्मा गांधी नरेगा योजना के क्रियान्वयन के संबंध में प्राप्त होने वाली विभिन्न शिकायतों एवं अभाव अभियोग के निराकरण आदि की प्रभावी प्रणाली विकसित करने हेतु निम्नांकित जिला स्तर पर लोकपाल नियुक्त किये जाने हेतु (1) अजमेर (2) बूंदी (3) चित्तोड़गढ (4) चूरु (5) दौसा (6) धोलपुर (7) जालौर (8) बांरा (9) झालावाड़ (10) जोधपुर (11) करौली (12) कोटा (13) नागौर (14) पाली (15) प्रतापगढ़ (16) सवाई माधोपुर (17) सिरोही (18) टोंक एवं (19) उदयपुर जिलों के लिये इस कार्यालय के पत्र कमांक एफ 61(350)SSAAT / लोकपाल चयन / 2022–23 / 15525 जयपुर दिनांक 20.02.2025 का प्रकाशन दिनांक 22.02.2025 को किया गया। जिसमें योग्य अभ्यर्थियों से दिनांक <u>24.03.2025</u> तक संबंधित जिला कलक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक (ईजीएस) के माध्यम से आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये।

उक्त निर्धारित आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 24.03.2025 से बढ़ाकर 01.04. 2025 की जाती है। लोकपाल पद हेतु नियम एवं शर्ते पूर्व में जारी विज्ञप्ति के अनुसार वही रहेगी।

प्राप्त आवेदक पत्रों का विज्ञप्ति में उल्लेखित शर्तों के अनुरूप परीक्षण कर पात्र आवेदकों के प्रार्थना पत्र <u>16.04.2025</u> तक इस कार्यालय को डाक / व्यक्तिश भिजवाये जावेगें। **जिला कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक (ईजीएस) के माध्यम से अग्रेषित कर भिजवाये गये आवेदन पत्र ही लोकपाल पद हेतु मान्य होंगें। अंतिम तिथि दिनांक <u>16.04.2025</u> के उपरांत जिला कार्यकम समन्वयक (ईजीएस) एवं जिला कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त आवेदनों पर विचार नही किया जायेगा।**

विभागीय पताः– निदेशक, सामाजिक लेखा परीक्षा, जवाबदेही एवं पारदर्शिता सोसायटी (SSAAT), कमरा न. 8232 ए उत्तर पश्चिम भवन, शासन सचिवालय, जयपुर।

Signature valid
Digitally sig
Mohsin Kha
Designation
Date: 2025.03. 2:10:11 IST
Reason: Approved

(मोहसिन खान)
नि क, SSAAT

RajKaj Ref No.: 14329190

Scanned with CamScanner